VOLUME 14 | ISSUE 6-7 | AUG-SEP 2024 (संयुक्तांक) | MONTHLY | PAGES 44
PUBLISHING DATE : 08/09/2024 | RNI NO.: RAJBIL/2012/44840

ISSN 2393-9281
PRICE ₹299

सिम्पली जयपुर

# SIMPLY JAIPUR™

## DESTINATION FOR YOUR OWN BUSINESS & LIFESTYLE

First Bi-Lingual (Hindi - English) *Lifestyle* MONTHLY MAGAZINE

e-magazine
www.simplyjaipur.com




SIMPLY COVER STORY

**Mala Mathur Memorial Life Time Achievement Award at the 13th PRINCIPALS & TEACHERS AWARD 2024**


13th PRINCIPALS & TEACHERS award 2024
AWARDS FOR EXCELLENCE IN EDUCATION


Dr. Jasbeer Jain


Uday Mirdha


Dr. Pawan Surana


Roop Kaul


Panchsheel Jain


Dr. DP Agrawal

सिम्पली जयपुर

# SIMPLY JAIPUR™

## Destination for Your own Business & Life Style

e-magazine
www.simplyjaipur.com

First Bi-Lingual (Hindi-English) Life Style Monthly Magazine

No. 1st Bi-Lingual Hindi-English
Life Style
Monthly Magazine

*...with a circulation of 1.2 lakh per annum and connect with 3.6 lakh readers. Reach some of the most influential industrialists, businessmen, finance professionals, doctors, lawyers and other high flyers.*



| TARIFF (Monthly Edition) | |
|---|---|
| Cover Back Page | 50,000 |
| Cover Inner Page | 40,000 |
| **Single Premium Full Page** | 30,000 |
| **Double Spread Premium Page** | 54,000 |
| Single Section Full Page | 20,000 |
| **Double Spread Section Page** | 36,000 |
| Half Section Page | 12,000 |
| Vertical Strip | 8,000 |
| Quarter Page | 7,000 |
| Horizontal Strip | 5,000 |

| SPECIFICATIONS | |
|---|---|
| 7.75 x 10 inches | Full page |
| 7.75 x 5 inches | Half page |
| Advertisement in colour only. | |

For Advertisement or Subscription **Call : +91-9414044548, 9413401555**

Registered Office : 406, 4th Floor, "GURU-KRIPA TOWER", C-43, Mahaveer Marg. C-Scheme, JAIPUR - 302001 (Raj.) INDIA | Ph:- +91-141-4014474
E-mail:- info@simplyjaipur.in | Web : www.simplyjaipur.com, www.simplyjaipur.in




# Books Written & Edited by Anshu Harsh

SIMPLY JAIPUR
A COMPLETE DIGITAL SOLUTIONS




For Book Publishing , Contact Anshu Harsh ashharsh2000@gmail.com | +91- 9413401555

## COVER PAGE

SIMPLY COVER STORY

Mala Mathur Memorial Life Time Achievement Award at the 13th PRINCIPALS & TEACHERS AWARD 2024








Owner, Publisher, Printer & Editor in Chief
**ANSHU HARSH**

CEO, Managing Editor & Founder
**SOMENDRA HARSH**

Sub-Editor
**RAJIV PUROHIT**

Graphic Designer
**SAKSHI MASURE**
**ESHAN HARSH**

Celebrating 12 Years of

Simply Jaipur

### SIMPLY RAJASTHAN

> Simply JODHPUR Pages
**PRADEEP JOSHI**

> Simply AJMER Pages
**ANUJ SHARMA**

### SIMPLY NATIONAL

> Simply MUMBAI Pages
**MR. KAILASH ADVANI**

> Simply HYDERABAD Pages
**V. V. MAHESHWAR ROA**

> Simply CHENNAI Pages
**SAURABH SIKCHI**

### SIMPLY INTERNATIONAL

> Simply NEW YORK Pages
**ASHOK VYAS (N.Y., USA)**

> Simply CALIFORNIA Pages
**KAPIL MOHAN**
California (C.A., USA)

ISSN 2393-9281

Registered Office :
**SIMPLY JAIPUR**
406, 4th Floor, Guru Kripa Tower, C-43, Mahaveer Marg C-Scheme, Jaipur - 01 (Raj.) INDIA. Ph.: 0141-4014474
E-mail : info@simplyjaipur.in, Web : www.simplyjaipur.in

**FOR ADVERTISEMENT AND SUBSCRIPTION**
**CALL : 9414044548, 9413401555**

Re production in whole or part without written permission is strictly prohibited. The content which is contributed by the writers in the magazine SIMPLY JAIPUR is completely his/her responsibility. SIMPLY JAIPUR doesn't take any responsibility for their views and respectives. All disputes are subject to JAIPUR Jurisdiction Only.

# CONTENTS

e-magazine :
www.simplyjaipur.com

# 2024 AUG-SEP

SIMPLY COVER STORY

**8** प्रिंसिपल्स एंड टीचर्स अवार्ड के तेरहवां संस्करण का हुआ भव्य आयोजन

SIMPLY EVENTS

**19** जेकेजे ज्वेलर्स यशोदा का नंदलाल का हुआ आयोजन

**20** जयपुर में हुआ सबसे बड़ा लेहरिया फेस्टिवल

**21** जयपुर पहुंचे 'स्त्री 2' के विक्की और चोटी वाली गर्लफ्रेंड

**22** 78th Independence Day celebrations at Sawai Mansingh Stadium

**23** छायाकार पुष्पेन्द्र उपाध्याय ने फोटोग्राफ्स से दिखाया कैनवास पर पेन्टिंग्स का सौन्दर्य

**24** प्रभा खेतान फाउंडेशन और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया द्वारा प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए गए

**28** The 6th season of the ScooNews Global Educators Fest (SGEF)

**33** महिंद्रा ने लॉन्च की शानदार एसयूवीः थार रॉक्स

14





16



18



जयपुर सिटी भास्कर 10-09-2024

City भास्कर

19




20




21



22



23



24



25



26




32 SIMPLY LAUNCHING





32



## » REGULARS


| | |
|---|---|
| Subscription Form FREE Home Delivery | 31 |
| Simply Readers ( Book Review) | 33 |
| Simply Astro | 34 |


## » BRAND INSIDE


| | |
|---|---|
| Simply Jaipur Tariff | 2 |
| Simply Jaipur Publication | 3 |
| Intern RIFF FILM CLUB | 30 |
| ASH Group | 32 |
| Voice of Jaipur | 35 |
| Thar Sarvoday Sansthan | 36 |
| Cinemasthan | 37 |
| JIONEWS | 38 |
| RIFF Film Club | 39 |
| RIFF 2025 | 40 |



SIMPLY JAIPUR
A COMPLETE DIGITAL SOLUTIONS
Email : info@simplyjaipur.in
Web : www.simplyjaipur.in
Call : 9414044548, 9413401555

promotions news destination wedding public relations print media magazine internet product launching branding events content press conference sharing communication Advertising publicity



# EDITORIAL

# ज़िन्दगी की पाठशाला ...

जब से स्कूली परीक्षा वाली ज़िन्दगी ख़तम हुई है तब से ज़िन्दगी की परीक्षा शुरू हो गयी जो वास्तव में उससे कही ज्यादा कठिन है। हर दिन एक नया इम्तहान और हर दिन एक नया परिणाम हम अपने सामने पाते है। ज़िन्दगी की इसी पाठशाला में पढ़ते हुए हमें आज भी याद आते है वो शिक्षक जिन्होंने हमारा हाथ थाम हमें लिखना सिखाया ,समय समय पर हमारे पथ प्रदर्शक बन हमें सही रास्ता दिखाया। जब से सिम्पली जयपुर ने अपना पहला कदम रखा उसी वर्ष से अपने साथ यह संकल्प भी लिया कि आज हम सब जिनकी वजह से लिखने पढ़ने में सक्षम बने है उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। महज बीस शिक्षको के सम्मान के साथ शुरू हुआ ये कारवाँ अब सिर्फ राजस्थान ही नहीं पुरे देश के कई राज्यों तक पहुँच चुका है।

जीवन का हर पल हमें कुछ सिखाता है जीवन में मिलने वाला हर इंसान , हर शहर, हर देश हमें कुछ न कुछ सिखाता जरूर है। समय जिंदगी की पाठशाला का बहुत ही सख्त टीचर है जो ना चाहते हुए भी ज़िन्दगी की किताब को पढ़ा जाता है। और ये हम पर निर्भर करता है कि हम उस पढ़ाई को जीवन में कैसे उतारते है। हर सफर हमें नया सपना देता है हर नया नजारा हमें नया कुछ सोचने पर मज़बूर करता है. नए सफर पर निकल जाए तो ज़िन्दगी जीना सीखा देगी। क्यों न हर बार एक नयी मंजिल और नए सपनो को लेकर हम सफर पर निकले, हमें लगता है सफ़र लंबा है लेकिन जब पहला कदम बढ़ा दिया तो आगे के कदम खुद ब खुद बढ़ते जाते है सारी दूरियां आपके कदमो में सिमटकर पीछे रह जाती है। और जब कदम बढ़ने शुरू होते है तो वक्त हमें इशारे करता है जल्दी बढ़ने के उसी समय उन पलों को जी लेने के लिए , अक्सर हम वक्त से हार जाते क्योंकि हम जीना भूल जाते है वक्त के साथ। फिर हमारी शिकायत हमेशा वक्त से रह जाती है की हमारे हिस्से में समय कम था। हल पल की अहमियत समझिये और इसका भरपूर फायदा उठाइए फिर समय काम नहीं लगेगा।

› अंशु हर्ष

ashharsh2000@gmail.com
ashharsh2000
anshuharsh
anshu_harsh

We the team of Simply Jaipur, a unique destination for your own lifestyle magazine, welcome you. It is Rajasthan's first BI-LINGUAL monthly lifestyle magazine. As you are aware our current SJ Aug-Sep 2024 Edition is already on the Stands. We Invite your presence in form of advertorial or advertisment in our coming October edition in which we cover top personalities of Jaipur who have contributed in any way to lifestyle, society or through their profession. Our upcoming editions will be based on the customs and traditions of the local area. As well we will be highly delighted if anybody send us Travelogues about different tourist destinations.

We also have our presence online among the readers of all ages through Digital magazine. Our targeted group of reader varies from proactive and dynamic adults to people with higher household incomes.

All editions of SIMPLY JAIPUR are available online also, you can visit our online digital brochure at **www.simplyjaipur.com**. This 44 pages BI-LINGUAL publication features new trends of lifestyle in every edition.

In last four successful years, we have received great response from our readers not only from Rajasthan but also globally.

In our upcoming editions, we look forward to publish Life-style contents and for that we are providing advertising space for the local businesses. We also cater to your presence in form of Display Advertisement, Editorial, or Advertorial.




**SOMENDRA HARSH**
**CEO/MANAGING EDITOR & BUSINESS HEAD**
**M : 9414044548**

somendra.harsh@gmail.com | somendra.harsh | somendraharsh | somendraharsh



Follow us : simply.jaipur | simplyjaipur | SIMPLYJAIPUR

For Advotorial or Advertisement
9414044548, 9413401555

Simply Catch All Editions in
ONE CLICK
catch your favorite magazine
Now on your mobile www.simplyjaipur.com









13th PRINCIPALS & TEACHERS award 2024

AWARDS FOR EXCELLENCE IN EDUCATION

**SIMPLY COVER STORY**

**Mala Mathur Memorial Life Time Achievement Award at the 13th PRINCIPALS & TEACHERS AWARD 2024**

# प्रिंसिपल्स एंड टीचर्स अवार्ड के तेरहवां संस्करण का हुआ भव्य आयोजन

* राजस्थान , जम्मू - कश्मीर , दिल्ली, लखनऊ, देहरादून के 150+ शिक्षकों का हुआ सम्मान

* राज्य मंत्री भूपेंद्र सैनी , श्री के एक जैन , सुधीर माथुर सोमेंद्र हर्ष ने दिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

थार सर्वोदय संस्थान , सिम्पली जयपुर और रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में शिक्षकों के सम्मान में प्रिंसीपल्स एंड टीचर्स अवार्ड 2024 के तेहरवें संस्करण का आयोजन सोमवार 9 सितम्बर को रंगायन - जवाहर कला केंद्र में किया गया। आयोजक सोमेंद्र हर्ष और अंशु हर्ष ने बताया की इस वर्ष कुछ ऐसे शिक्षकों का सम्मान भी किया गया जिन्होंने अपना जीवन नयी पीढ़ी को ज्ञान देने मे समर्पित किया। माला माथुर मेमोरियल 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड इन एजुकेशन' शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत और उपलब्धि का सम्मान है। इस वर्ग में डॉ जसबीर जैन, प्रो `सर डॉ पवन सुराणा, डॉ दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, श्रीमती रूप कौल, श्रीमती उदय मिर्धा और श्री पंचशील जैन का लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मान किया गया। ज्ञान को विकसित करने, प्रेरणा देने और रचनात्मक विचार को प्रोत्साहित करने की ये महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ शिक्षक में निहित हैं। इस वर्ष सम्मान समारोह में राजस्थान के





करीब 8 शहरों - जयपुर, जोधपुर, अजमेर, बाड़मेर, उदयपुर, पाली, कोटा एवं जालोर से 111 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा दिल्ली , लखनऊ , जम्मू और कश्मीर, देहरादून से करीब 41 शिक्षकों को सम्मानित किया गया ।

समारोह में अतिथि के रूप में श्री के एल जैन , ज्योति खंडेलवाल, शिल्पा गोलेचा, अंशुल जैन ने आयोजकों की प्रशंसा करते हुए शिक्षकों के इस सम्मान समारोह को सराहा और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया , उन्होंने कहा कि शिक्षकों का काम न केवल ज्ञान को बढ़ाने में मदद करता है, बल्कि समाज को एक सकारात्मक दिशा में ले जाने में भी मदद करता है। शिक्षा क्षेत्र में वृद्धि और सुधार के लिए सरकार के उद्देश्य हैं, और इसके लिए हमें शिक्षा ि याओं को मजबूती से निर्वाचन करना होगा। हमें यह समझना है कि शिक्षा सिर्फ पाठ्यक्रम और किताबों से ही सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन कौशलों, नैतिक मूल्यों, और विचारशीलता को भी बढ़ावा देने में मदद करती है। कार्य म में एम जी डी गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने गुरु अष्ठकम की प्रस्तुति दी, पारुल सोनी ने मुरली की धुन पर सोलो परफॉर्मेंस दी , राजस्थानी फोक डांस की प्रस्तुति आई आई एस की सिमरन अग्रवाल व समूह ने दी । अतिथि के रूप में श्री के एल जैन अध्यक्ष राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज , मंत्रज्ञ निर्मला सेवानी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री श्री भूपेंद्र सैनी, पचपदरा, बा मेर के विधायक अरुण चौधरी , एनआईएफडी की डायरेक्टर रोमा पोद्धार, थार सर्वोदय संस्थान से सरस्वती हर्ष , रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटी ट्रस्ट से श्री सुधीर माथुर उपस्थित रहे। सम्मानित एजुकेशन इंस्टिट्यूट में मुख्य मणिपाल यूनिवर्सिटी से प्रोफसर,डॉ. फकीरा मोहन नाहक , एमिटी यूनिवर्सिटी से डॉ. दीपाली भटनागर और डॉ. अनुपम जैन , हरिदेव जोशी यूनिवर्सिटी से सुधि राजिव और डॉ. ऋचा यादव, आईआईएस यूनिवर्सिटी से डॉ. आस्था सक्सेना, पोदार इंटरनेशनल कॉलेज से प्रोफेसर प्रवीण गोस्वामी, महाराजा सवाई मान सिंह विद्यालय से ज्योति जोशी, संत जेवियर्स स्कूल से फादर अरुण एन्थोनी, पैलेस स्कूल से प्रीत शांडिल्य, एमजीडी गर्ल्स स्कूल से निकिता मुदगल, पोदार जंबो किड्स प्रीस्कूल से मेघा त्यागी, कैनवास इंटरनेशनल प्रीस्कूल से नेहा बेनीवाल और मधु जांगिड़, कमला पोद्दार इंस्टिट्यूट से प्रियंका निगम और श्रुति निगम, अरीना एनिमेशन से रोलिका सिंह और देवेंद्र सिंह भाटी, मैक इंस्टिट्यूट से अनुराग शर्मा और हेमंत कुमार शर्मा और रेड स्कैच इंस्टिट्यूट से काशवी जैन और मोनू अग्रवाल सहित कई शहरी एवं ग्रामीण स्कूलों के शिक्षक सम्मानित हुए ।










13th PRINCIPALS & TEACHERS award 2024

AWARDS FOR EXCELLENCE IN EDUCATION


















13th PRINCIPALS & TEACHERS award 2024
AWARDS FOR EXCELLENCE IN EDUCATION
CATEGORIES OF AWARDS























13th PRINCIPALS & TEACHERS award 2024

AWARDS FOR EXCELLENCE IN EDUCATION


















13th PRINCIPALS & TEACHERS award 2024

AWARDS FOR EXCELLENCE IN EDUCATION













































13th PRINCIPALS & TEACHERS award 2024

AWARDS FOR EXCELLENCE IN EDUCATION

































13th PRINCIPALS & TEACHERS award 2024

AWARDS FOR EXCELLENCE IN EDUCATION
















EVENT ASSOCIATE PARTNER | NUTRITION PARTNER | EVENT MANAGED BY | MEDIA PARTNER

RIFF FILM CLUB — A platform for film lovers
nifd GLOBAL
Kamla Poddar Group (Since 1999)
ARENA ANIMATION c-scheme
MAAC — MAYA ACADEMY OF ADVANCED CREATIVITY — C-Scheme Jaipur
Rajadarsh Premium Dry Fruits
Trance Events — Ensured Excellence For Events — by KOMAL CHOUHAN
VOICE OF JAIPUR

# जेकेजे ज्वेलर्स यशोदा का नंदलाल का हुआ आयोजन










फ्लैश एंटरटेनमेंट की ओर से आयोजित जेकेजे ज्वैलर्स यशोदा का नंदलाल इन एसोसिएशन विथ नियो क्लिनिक का आयोजन शनिवार 24 अगस्त को इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर मैनेजमेंट ऑडिटोरियम में हुआ ! फ्लैश एंटरटेनमेंट के डायरेक्टर विकास कल्ला ने बताया कि 70 प्रतिभागिओं ने अलग-अलग श्रेणी में भाग लिया। जहां एक और बच्चो ने कृष्ण और राधा का रूप बनाकर अपने नटखट प्रस्तुति दी वहीं दूसरी और माताओं में यशोदा के रूप से एक से एक मनमोहक प्रस्तुति दी। फ्लैश एंटरटेनमेंट के दो बच्चों लोकित और सान्वी ने राधा कृष्ण के प्रेम स्वरूप की शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों की श्रेणी में पाविका चावला, दिविशा पालीवाल, पारथी गोयल ,ऋषिक गोयल, दामिनी जैन, काव्या सोनी, विजेता रहे द्य यशोदा श्रेणी में आयुषी शर्मा ,रेखा पालीवाल, मिंटो विजेता रहीं। प्रतियोगिता के दौरन जेकेजे ज्वैलर्स से यश मोशुन नियो क्लिनिक से सोहना गुप्ता संजीवनी बिल्ड होम से सुनील माहेश्वरी बेबी फर्स्ट हग से अर्जुन नेथानी गोल्डन डिवाइन से अंशुल जैन रंजीता जैन सिम्पली जयपुर से सोमेंद्र हर्ष चोको होम से धर्मेंद्र छाबडा उपस्थित रहे ! जज की भूमिका में कामाक्षी तोमर और रुस्तम बोरा उपस्थित रहे।











# जयपुर में हुआ सबसे बड़ा लेहरिया फेस्टिवल




जयपुर के वैशाली नगर महल राजवाड़ा रिसोर्ट में सबसे बड़ा लेहरिया फेस्टिवल का आयोजन एम्प्रेस क्लब एवं साइन उप इवेंट्स द्वारा किया गया, जिसके सेलिब्रिटी गेस्ट कलर टीवी फेम एवं हाल ही में मूवी हीरामंडी में आने वाली एक्ट्रेस जयति भाटिया जी ने अपनी मौजूदगी से आयोजन में चार चाँद लगा दिए, जयति भाटिया राजपूती पोषक में शिव जेवेल्लेर्स की ज्वेलरी पहने नज़र आयी, आयोजन में NIFD ग्लोबल- कमला ग्रुप ने लेहरिया थीम पर फैशन शो किया और राजस्थानी कल्चर को दर्शाया, आयोजक एम्प्रेस क्लब टीम ने बताया की आयोजन में करीब 500 से ज्यादा महिलाओ ने हिस्सा लिया, और खूबसूरत श्रृंगार में नज़र आयी, डांस, लेहरिया क्वीन, शॉपिंग स्टाल्स के साथ ही मशहूर सिंगर मधु भट्ट एवं मिनाक्षी राठौर ने अपने गानो से सबका मन जीत लिया जयति भाटिया ने जमकर राजस्थानी गानो पे डांस किया, आयोजक खुशबू शर्मा डायरेक्टर एम्प्रेस क्लब, शैलेश अग्रवाल साइन उप इवेंट्स एवं सेलिब्रिटी जयति भतिया ने सभी सहयोगी एवं अतिथि का स्वागत किया गया, एक्टर नवीन शर्मा, ज्योति खंडेलवाल, दीपा नाथावत, जाया राठौर, राम सिंह चौहान सबसे मुंछे (वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर), सुधीर जैन, संजय सरदाना, आयोजक खुशबू शर्मा (डायरेक्टर एम्प्रेस क्लब), रूचि कपूर (प्रेजिडेंट- एम्प्रेस क्लब), नीता अग्रवाल (वाईस- प्रेजिडेंट- एम्प्रेस क्लब) , (साइंन उप इवेंट्स) शेलेश अग्रवाल, (नारायणा हॉस्पिटल) बलविंदर वालिया, अनिरुद्ध (स्कोडा), (शिव जेवेल्लेर्स हुकुम) सिंह, (NIFD ग्लोबर कमला पोद्दार ग्रुप) से रोमा पोद्दार, (सफारी ग्रुप) पवन गोयल,(एस.जी.एम. आउटडोर) जे. डी. माहेश्वरी, (जे.के मसाले) विकाश जैन, मंजू विष (निवा), मोहित टेलर (रमा'ज़ कुर्ती और रिसोर्ट), ईशा अग्रवाल (वी.एल. सी. सी)., रामदेव प्रजापति (पार्थ सारथि ग्रुप), दीपिका जोशी, कमलजीत सिंह (महल राजवाड़ा रिसोर्ट), इवेंट मैनेजर - कोमल चौहान (ट्रांस इवेंट्स), एटम, निवा, वशिका सेठी, पूजा शेखावत, आर्य ग्रुप, रोहित जैन, बिना मोदी, ज्योति सैनी, साथ ही एम्प्रेस क्लब की कोर टीम मौजूद रही साथ ही आरोही टिक्कर, स्वाति, वशिका, अतरंगी छोकरा, पूजा जोशी आदि ने प्रस्तुति दी, कार्य म में लक्समी नायक लेहरिया प्रिंसेस एवं दीपिका सोनी लेहरिया क्वीन रही, साथ में लकी ड्रॉ निकले गए, कार्य म का मंच संचालन प्रीती सक्सेना द्वारा किया गया. इवेंट की मैगज़ीन पार्टनर - 'सिम्पली जयपुर' लाइफस्टाइल मैगज़ीन रही ।



# श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने राजस्थान के राज्यपाल पद की शपथ ली






राजस्थान के मनोनीत राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे ने बुधवार को राजभवन में राजस्थान के राज्यपाल पद की शपथ ली। श्री बागडे ने हिन्दी में ईश्वर के नाम पर राज्यपाल पद की शपथ ली मुख्य न्यायाधिपति श्री मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने श्री बागडे को राज्यपाल पद की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा जारी राज्यपाल की नियुक्ति का वारंट पढ़कर सुनाया। शपथ लेने के बाद राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे को राजभवन में गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री सुश्री दीया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, केन्द्रीय मंत्रीगण, राज्य मंत्री मण्डल के सदस्यगण, विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता श्री टीकाराम जूली तथा अन्य जन प्रतिनिधिगण, न्यायाधीशगण, प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में गांव–गरीब और कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए कार्य करने का निरंतर प्रयास रहा है। राजस्थान में भी अब सभी को साथ लेकर काम करूंगा। प्रयास रहेगा कि राजस्थान सभी क्षेत्रों में अग्रणी बने। राज्यपाल श्री बागडे मुख्यमंत्री निवास में अभिनंदन- वंदन कार्य' म में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री कलराज मिश्र ने संविधान जागरूकता के लिए जो नवाचार किए वह बहुत महत्वपूर्ण है। प्रयास करूंगा कि उनके कार्यों को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि सहकारिता, पशुपालन, डेयरी, शिक्षा, ग्रामीण विकास एवं कमजोर तबके के लोगों के उत्थान में मेरी विशेष रूचि रही है। प्रयास करूंगा कि राज्यपाल रहते हुए इन क्षेत्रों में काम करते हुए राजस्थान को विकास की राहों पर ले जाया जाए। राज्यपाल ने अपने अभिनंदन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सहकारिता का अर्थ ही है मिल–जुल कर कार्य करें। इसी सोच से भविष्य में कार्य होगा। उन्होंने राजभवन में बने संविधान पार्क की चर्चा करते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर संविधान सभा के अध्यक्ष रहे। वह महाराष्ट्र से ही थे। उन्होंने पंडित दीनदयाल जी को स्मरण करते हुए कहा कि उनके साथ तीन दिन रहने का सौभाग्य मिला।




# जयपुर पहुंचे 'स्त्री 2' के विक्की और चोटी वाली गर्लफ्रेंड



'स्त्री' की अपार सफलता के बाद दर्शकों को लम्बे समय से इसके सीक्वल इंतज़ार था, जो कि अब कुछ ही दिनों में खत्म होने वाला है। मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियो के बैनर तले बनी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' 15 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' में राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी और पंकज त्रिपाठी मुख्य किरदार निभा रहे हैं। फिल्म के ट्रेलर से लेकर गाने तक दर्शकों के बीच रिलीज से पहले ही काफी पसंद किये जा रहे हैं। राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर गुलाबी नगरी जयपुर पहुँचे। यहाँ भी लोगों में स्त्री की रिलीज को लेकर खासा उत्साह दिखा। जयपुर के मैरियट होटल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें दोनों ही कलाकारों ने मीडिया के सवालों के जवाब दिए और फिल्म से जुड़ी रोचक बातें बताईं। इसके साथ ही फिल्म का एक और गाना 'खूबसूरत' भी रिलीज किया गया। फिल्म में विक्की का किरदार निभा रहे राजकुमार राव कहते हैं, 'स्त्री के पहले पार्ट में दीवारों पर 'ओ स्त्री कल आना' लिखा जाता था, सिर्फ इसलिए ताकि स्त्री उसे पकड़कर चली जाए। लेकिन, नए पार्ट में इन दीवारों पर लिखा मिलेगा 'ओ स्त्री रक्षा करना'। यह देखना वाकई मजेदार होगा कि आखिर क्यों नए पार्ट में लोग चाहते हैं कि स्त्री उनके शहर चंदेरी में आए और उनकी रक्षा करे। यह बदलाव फिल्म की कहानी में एक नया मोड़ लाता है, जो दर्शकों को बेहद पसंद आएगा।' बात को आगे बताते हुए, विक्की की चोटी वाली गर्लफ्रेंड का किरदार निभा रहीं श्रद्धा कपूर कहती हैं, 'इस बार फिल्म में फैंस और दर्शकों को सरकटे का दमदार आतंक देखने को मिलेगा। सरकटे का आतंक कहानी में नया ट्विस्ट लाएगा। फिल्म की कहानी को पिछली कहानी जहाँ खत्म हुई थी वहीं से आगे बताया गया है, जिसमें डर और हँसी का तड़का कुछ इस तरह लगाया गया है कि दर्शक खुद को हँसने से रोक नहीं पाएँगे। हमें उम्मीद है कि पिछले पार्ट की तरह ही इस पार्ट के डायलॉग्स भी दर्शकों को खूब पसंद आएँगे और इसका सीक्वल भी उनके दिलों में खास जगह बनाएगा।' स्त्री 2 का गाना 'आज की रात' और 'आई नहीं' पहले ही ट्रेंडिग में है। और अब फिल्म के अगले गाने 'खूबसूरत' रिलीज कर दिया है, जिसमें वरुण धवन कैमियो करते नजर आ रहे हैं।

# सावन कुमार टाक की याद में जयपुर में सजी गीतों भरी शाम



जाने-माने फिल्म निर्माता, निर्देशक और गीतकार सावन कुमार टाक की याद में जयपुर में पहली बार उनकी फिल्मों के सुपरहिट गीतों से सजी शाम का आयोजन हुआ। यह आयोजन महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में हुआ। इस मौके पर संगीतकार और सावन कुमार की वाइफ उषा खन्ना, पंडित विश्व मोहन भट्ट, फिल्म अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे, अभिनेता अनिल धवन, जुगनू, विधायक बाल मुकुंद आचार्य और हास्य कलाकार अहसान कुरैशी सहित कई हस्तियां इस गीतों भरी शाम में उपस्थित रही। सावन कुमार टाक के भान्जे और फिल्म निर्माता नवीन टाक ने बताया की ये कार्य्र म सावन कुमार याद में है। मंच संचालन करते हुए प्रिति सक्सेना ने डॉक्यूमेंट्री के जरिये सावन कुमार के संघर्ष को दिखाया। सावन कुमार के भान्जे सुनील टाक ने एक कविता समर्पित करते हुए पूरे परिवार का परिचय करवाया।

हम सब में कहीं बस गया है तू<br>
सावन हमारे नाम कर गया हैं तू

ममता सिंह की सुरीली आवाज़ में 'जिन्दगी प्यार का गीत है' से प्रोग्राम की शुरुआत हुई। शिन्दे ने अपनी आवाज दि 'चांद सितारे', 'कौन सुनेगा' और 'मधुबन खुश्बू देता है' सुनाकर सावन कुमार की याद फिर से ताज़ा कर दी। सावन कुमार का 25 अगस्त, 2022 को 86 साल की उम्र में निधन हो गया था। जयपुर में उनसे बातचीत का अन्तिम कार्य्र म राजस्थान फोरम की ओर से 20 मई, 2019 को आयोजित किया गया था जिसमें शायर इकराम राजस्थानी ने उनसे उनके फिल्मी सफर की बातें की थीं। सावन कुमार जयपुर के थे। उनके निर्देशन में फिल्म सौतन, सनम बेवफा, साजन की सहेगी और चांद का टुकड़ा ने फिल्मी दुनिया में खूब धूम मचाई। सावन कुमार ने कई गीत भी लिखे। इन गीतों में बरखा रानी जरा जमके बरसो, तेरी गलियों मे ंना रखेंगे कदम, जिंदगी प्यार का गीत है, और शायद मेरी शादी का खयाल दिल में आया है ने फिल्म जगत में नई हलचल पैदा कर दी थी।









# 78th Independence Day celebrations at Sawai Mansingh Stadium



मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और विकास कार्यों के माध्यम से प्रदेश के हर क्षेत्र में समृद्धि लाने के लिए कार्य कर रही है और पिछले आठ माह के अल्प समय में प्रदेश के विकास के लिए कई अहम फैसले लिए गए हैं। उन्होंने हर नागरिक से प्रदेश की विकास यात्रा में सहभागी बनने का आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर राजस्थान को प्रगति की नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए कार्य करें। मुख्यमंत्री ने गुरूवार को 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने इस अवसर पर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया और आजादी के लिए सर्वस्व समर्पण करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार सभी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा का अधिकार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ध्वजारोहण के बाद परेड का निरीक्षण किया और मार्चपास्ट की सलामी ली। परेड में मध्य प्रदेश पुलिस प्लाटून, हा रानी महिला बटालियन, जयपुर पुलिस आयुक्तालय सहित विभिन्न पुलिस बलों, आरएसी, एनसीसी, स्काउट-गाइड, होमगार्ड एवं एमजीडी गर्ल्स स्कूल की टुकर्ड यों ने भाग लिया। परेड का नेतृत्व परेड कमाण्डर आईपीएस (प्रोबे.) श्री शाहीन सी. ने किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने एडीजी ,सिविल राइट्स श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं एडीजी, भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड श्रीमती बिनीता ठाकुर को राष्ट्पति पुलिस पदक से सम्मानित किया। साथ ही, जिला कलक्टर जोधपुर श्री गौरव अग्रवाल, संयुक्त शासन सचिव वित्त (बजट) श्री श्रीकृष्ण शर्मा, मेडिकल कॉलेज जयपुर की आचार्य डॉ. आराधना सिंह, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. तपेश माथुर, संयुक्त परियोजना समन्वयक-तृतीय आईसीडीएस डॉ. मंजू यादव, अतिरिक्त सीईओ बालोतरा श्री भुवनेश्वर सिंह चौहान, सहायक लेखाधिकारी-प्रथम वित्त (नियम) श्री सतीश बंसल, निजी सहायक राजस्व विभाग श्री दीपेन्द्र पाल माकन, सहायक अनुभागाधिकारी कार्मिक विभाग श्री गजे सिंह चारण को योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।



# छायाकार पुष्पेन्द्र उपाध्याय ने फोटोग्राफ्स से दिखाया कैनवास पर पेन्टिंग्स का सौन्दर्य



जयपुर के पेशे से कॉन्ट्रेक्टर पुष्पेन्द्र उपाध्याय के 31 पेन्टिंगनुमा फोटोग्राफ्स की एक दस दिवसीय एग्जीबिशन शनिवार को जवाहर कला केन्द्र की पारिजात कला दीर्घा में शुरू हुई। इस एग्जीबिशन की खासियत ये है कि यहां प्रदर्शित सभी कलाकृतियां मूल रूप से पुष्पेन्द्र के कैमरे से खींचे हुए फोटोग्राफ्स हैं लेकिन छायाकार ने इन्हें कैनवास पर इस तरह ट्रांसफार्म किया है कि देखने वाले को ये सभी छाया चित्र पेन्टिंग्स की तरह नजर आते हैं। पुष्पेन्द्र पिछले सात साल से शौकिया छाया चित्रकारी कर रहे हैं। पिछले साल उन्होंने अपनी कला की पहली प्रदर्शनी जवाहर कला केन्द्र में आयोजित की थी जिसमें उन्होंने पहाड़ो के सौन्दर्य के प्रदर्शित किया था, यह प्रदर्शनी उन्होंने विश्व फोटोग्राफी दिवस (19 अगस्त) के मौके पर की थी। पुष्पेन्द्र ने इस बार अपनी छाया चित्रकला को फोटो पेपर के स्थान पर कैनवास पर जीवंत किया है जिसके केन्द्र में सूर्योदय से सूर्यास्त तक के नजारे हैं। पहले चित्र में पूर्व दिशा पर सुबह की लालिमा नजर आती है, दूसरे में बादलों के पीछे से उदय होता सूर्य, तीसरे में धीरे धीरे आसमान पर चमकने की प्रतिक्रिया में किरणें हैं तो चौथे चरण में फलक पर चमकते सूर्य का सौन्दर्य देखने योग्य है। एक फोटोग्राफ का एंगल ऐसा मानों सूर्य एक पेड़ पर बैठकर विश्राम कर रहा है तो अगले ही चित्र में वो बादलों की ओट से झांक कर पृथ्वी की हलचल को निहारता प्रतीत हो रहा है।



भरतपुर के घना पक्षी अभ्यारण का मनोरम दृश्य पुष्पेन्द्र की एक अन्य कलाकृति में भरतपुर के घना पक्षी अभ्यारण्य का मनोरम दृश्य देखने योग्य है। इस चित्र में उन्होंने एक तलाब के पास लगे पेड़ पर बैठे दर्जनों पक्षियों का फोटो इस अंदाज में खींचा है कि नीचे पानी में सभी की प्रतिबिंब स्पष्ट नजर आ रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने यहां अपने गुरू फोटो आर्टिस्ट महेश स्वामी का खींचा एक 40 गुणा 60 इंच आकार का चित्र भी प्रदर्शित किया है, इसमें महेश ने सुबह के समय समुद्र के किनारे की हलचल को बहुत ही कलात्मक अंदाज में क्लिक किया है।

# जेकेके में फोटोग्राफी के महाकुंभ का आगाज, आर्ट लवर्स हुए रोमांचित



एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। खास नजरिए से कहानियों को देखते हुए कैमरे में कैद किया जाता है। तस्वीर में बंद इन कहानियों को समझने के लिए चाहिए होती है पारखी नज़र। जवाहर कला केन्द्र और राजस्थान फोटो फेस्टिवल की सहभागिता में आयोजित तीसरी इंटरनेशनल नज़र फोटो एग्जीबिशन ने कला प्रेमियों को फोटोग्राफी की दुनिया से रूबरू करवाते हुए विशिष्ट नज़रिया दिया। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और सांसद मंजू शर्मा ,फर्स्ट इंडिया सीईओ पवन अरोड़ा, जवाहर कला केन्द्र अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत ,पंकज ओझा ने एग्जीबिशन का उद्घाटन किया। पहले दिन बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने प्रदर्शनी में हिस्सा लिया। अतिथियों में एमजेआरपी निर्मल पंवार,होटल सफारी पवन गोयल, जे डी माहेश्वरी,दीपक गुप्ता, अनूप श्रीवास्तव,के सी मीना, सत्येन्द्र सिंह,अरविंद पलावत मौजूद रहे। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि यह फोटो प्रदर्शनी वास्तव में ऐतिहासिक है। एक साथ 650 फोटो का ऐतिहासिक कलेक्शन किया गया है। इस फोटो प्रदर्शनी में देश-विदेश के अलग-अलग क्षेत्र के इतिहास, जीवन और प्राकृतिक सौंदर्य को दर्शाया गया है। फोटो प्रदर्शनी के लिए उन्होंने आयोजकों को बधाई दी है। फोटोग्राफी के महाकुंभ में 300 से अधिक फोटोग्राफर्स की 600 से अधिक तस्वीरें डिस्प्ले की गयी है। इसमें राजस्थान से बीकानेर, अलवर, जोधपुर, अजमेर,सीकर,उदयपुर, और लखनऊ, सतना, इंदौर, हिमाचल, मुंबई, पंजाब, दिल्ली,झारखंड, उड़ीसा से ओर इंटरनेशनल एंट्री से इंग्लैंड, स्पेन, यूनाइटेड किंगडम, आसट्रिया,दुबई,सिंगापुर, पेरिस,न्यूयॉर्क, साउथ अफ्रीका से भी फोटोग्राफर भाग ले रहे हैं। प्रोफेशनल फोटोग्राफर्स के साथ–साथ ब्यूरोक्रेट्स की खींची गयी तस्वीरें भी यहां देखने को मिलेगी। इतिहास की झांकी दिखाने वाले 1890 के दौरे के हैरिटेज कैमरे भी यहां प्रदर्शित किए गए हैं जिन्हें देखकर सभी रोमांचित हो उठे।शनिवार को फोटोग्राफी के साहित्यिक पहलुओं पर प्रकाश डालने के लिए जेकेके की ओर से दोपहर तीन बजे संवाद प्रवाह का आयोजन किया जाएगा। एग्जीबिशन में पहली बार 3 फोटोग्राफर ओर 2 फोटोजर्नलिस्ट को सम्मानित भी किया जाएगा।



# प्रभा खेतान फाउंडेशन और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया द्वारा प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए गए



मछली एवं वन्य प्राणी मित्र पुरस्कार का चौथा संस्करण आज होटल क्लार्क्स आमेर जयपुर में आयोजित किया गया। प्रभा खेतान फाउंडेशन (पीकेएफ) और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया द्वारा यह वार्षिक पुरस्कार उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने अपने असाधारण प्रयासों से वन्यजीव संरक्षण और संघर्ष प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 'मछली पुरस्कार' करौली के वन रक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह राजपूत को प्रदान किया गया। रणथम्भौर टाइगर रिजर्व की प्रसिद्ध बाघिन पर इस पुरस्कार का नाम रखा गया है। श्री राजपूत को वन्यजीव अपराध नियंत्रण और आपातकालीन प्रति`या में उनके अनुकरणीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया, जिसके कारण कई घायल या असहाय जानवरों को बचाया और पुनर्वासित किया गया। उनके अभिनव प्रयासों से वन्यजीव संरक्षण, सामुदायिक जागरूकता और संघर्ष प्रबंधन में पर्याप्त सुधार हुआ है। श्री राजपूत को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और प्रशंसा प्रमाण-पत्र दिया गया।

मानव-वन्यजीव संघर्ष के असाधारण प्रबंधन के लिए श्री धर्मेन्द्र पानीगर और श्री युधिष्ठिर मीणा को 'वन्य प्राणी मित्र पुरस्कार' संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। श्री धर्मेन्द्र पानीगर उदयपुर के एक समर्पित स्वयंसेवक हैं, जिन्होंने 3,000 से अधिक सांपों और विभिन्न अन्य जंगली जानवरों को बचाया है। मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने और वन्यजीवों को बचाने में उनका काम सराहनीय रहा है। श्री युधिष्ठिर मीणा रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के एक सिविल डिफेंस वालंटियर हैं, जिन्होंने पिछले चार वर्षों में अजगर, वाइपर और नीलगाय सहित 100 से अधिक जानवरों को बचाया है। उनके प्रयास क्षेत्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में सहायक रहे हैं।



वन्य प्राणी मित्र पुरस्कार में कुल 4 लाख रुपए की राशि दी गई, जिसे दोनों विजेताओं के बीच बराबर बांटा गया। प्रत्येक विजेता को प्रशंसा-पत्र भी दिया गया। सभी पुरस्कार विजेताओं का चयन एक प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जिसमें श्री राहुल भटनागर, आईएफएस (सेवानिवृत्त); श्री राजपाल सिंह, आईएफएस (सेवानिवृत्त); और वाइल्डलाइफ एंड हैबिटेट प्रोग्राम के निदेशक, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया, श्री यश सेठिया शामिल थे।

---

# Rajasthan Domestic Travel Mart from September 13 to 15




In a bid to promote tourism in Rajasthan, the 4th Rajasthan Domestic Travel Mart (RDTM) is set to be held from September 13 to 15. This Mart will not only encourage domestic tourism but also serve as a vital platform to showcase Rajasthan's rich cultural heritage, history, and natural beauty. The theme for this year's RDTM is focused on Weddings, Incentives, Conferences, and Events. FHTR President Kuldeep Singh Chandela stated, "Through RDTM, we are striving to steer the state towards new development opportunities. The Mart will bring together members from various sectors, offering a unique experience for tour operators from across the country. This initiative will facilitate business exchanges between hoteliers and tour operators in Rajasthan, which will ultimately boost tourism in the state and strengthen the economy. Promoting the wedding theme is a key objective of this Travel Mart." The Mart will feature participation from various travel planners, tour operators, travel agents, hoteliers, and stakeholders, who will introduce visitors to Rajasthan's diverse attractions and services. The goal is to attract more tourists from both within and outside the state, thereby enhancing the state's economy. For more information about RDTM 2024, please visit the official website at www.fhtr.in/rdtm-2024/] RDTM provides all stakeholders in the tourism sector with the opportunity to showcase products related to heritage, adventure activities, wildlife, pilgrimage, weddings, eco and village tourism, among others, under one roof, along with facilitating B2B meetings.

# शिक्षा से आत्मनिर्भरता की उड़ानः विमुक्ति संस्था की प्रेरणादायक कहानी



जयपुर की विमुक्ति संस्था ने शहर की शहरी झुग्गी बस्तियों में रहने वाली लड़कियों के जीवन को बदलने का बीड़ा उठाया है। शेलेंद्र अग्रवाल के अनुसार, शिक्षा का अभाव आज भी समाज के एक तबके में देखने को मिलता है, खासकर लड़कियों के लिए। विमुक्ति की स्थापना लवलीना सोगानी द्वारा की गई थी, जिन्होंने 6 लड़कियों के साथ इस की शुरुआत की। आज, यह संस्था 800 से अधिक लड़कियों को शिक्षा के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक कौशल विकास की ट्रेनिंग प्रदान कर रही है। विमुक्ति की 'उड़ान' परियोजना के तहत लड़कियों को मार्शल आर्ट जैसे स्पोर्ट्स सीखने को मिल रहे है और लड़कियाँ राष्ट्रीय और अंतरराष्टीय स्तर पर गोल्ड और ब्रोंज मैडल लेकर आयीं है। लड़कियां थाई बॉक्सिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। पिछले साल, इन लड़कियों ने सिल्वर और ब्रोंज मेडल जीते थे। इस वर्ष, खुशी परेवा, विधि शर्मा और सान्या ने नेशनल यूथ मुथाई टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीतकर इंटरनेशनल टूर्नामेंट के लिए चयनित हुई हैं। करियर विकास कार्य' म का नेतृत्व ईशा स्वरूप कर रही हैं, जो लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने में मदद करती हैं। इस प्रयास में लड़कियों को सामाजिक और पारिवारिक दबावों से निपटने के लिए भी तैयार किया जाता है। सरोज, जो शुरू से ही कानून की पढ़ाई करना चाहती थी, आज कानून की पढ़ाई कर रही है और महिलाओं के लिए न्याय की आवाज बनना चाहती है। निकिता ने एपेक्स कॉलेज से बीसीए में टॉप किया है, जबकि कनिका वैष्णव गुरु कृपा कोचिंग से नीट की तैयारी कर रही हैं। विविध ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत, विमुक्ति संस्था लड़कियों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देती है, जैसे कि वेब डिजाइन, इवेंट मैनेजमेंट, ब्यूटीशियन, पैरामेडिकल और नीट की ट्रेनिंग। इस प्रकार, ये लड़कियां अपने पैरों पर खड़े होकर समाज में अपनी पहचान बना रही हैं। विमुक्ति संस्था ने यह साबित कर दिया है कि अगर लड़कियों को सही दिशा और अवसर मिलें, तो वे न सिर्फ खुद को बल्कि समाज को भी एक नई दिशा दे सकती हैं। उनका 100% बोर्ड रिजल्ट और स्किल डेवलपमेंट में प्राप्त की गई सफलताएं इसी का प्रमाण हैं। विमुक्ति संस्था के एक विशेष आयोजन में 'पावर ऑफ थॉटफुल फिलॉन्थ्रॉपी एंडेवर्स' शीर्षक से एक टॉक शो का आयोजन किया गया। इस टॉक शो में भावना जगवानी, शगुन चौधरी, अशोक राठौड़ और रीमा हूजा ने अपने समाज सेवा के कार्यों और अनुभवों पर चर्चा की। सभी वक्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में समाज सेवा की शुरुआत और उसमें आने वाली चुनौतियों को साझा किया, इस बात पर जोर देते हुए कि हर बड़ा काम एक छोटे कदम से शुरू होता है।



## मधुबनी चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन मेजर जनरल अनुज माथुर विशिष्ट सेवा मेडल ने किया



पूरे देश में नारी के खिलाफ हो रहे अत्याचारों की ख़बरें आम हो रखी हैं, ऐसे ही वक्त पर जयपुर के एक बिल्कुल ही साधारण परिवार में जन्मी श्रीमती वैशाली सिंह ने अपने विश्वास और धर्य का परिचय देते हुए अपने लिए एक मुकाम हासिल किया है और देश की बाकी नारियों के लिए एक प्रेरणा श्रोत बनी हैं। इन्होंने बचपन से ही मधुबनी चित्र कला सीखना शुरु किया और फिर अपनी अपनी शिक्षा के साथ-साथ इन्होंने मधुबनी चित्रकला को भी और आगे बढ़ाया और फिर इनकी शादी एक आर्मी ऑफिसर से हो गई, जहां आम औरतें ऐसों आराम की जिंदगी जीना पसंद करती हैं वहीं इन्होंने अपने लिए संघर्षशील जीवन जीना पसंद किया । इन्होंने अपने खुद के बल बूते कई छोटी छोटी प्रदर्शनी लगायी हैं। इसके साथ साथ इन्होंने फौज की बाकी लेडिज और आर्मी के परिवारों को स्वावलंबी और प्रय|शील बनने में बहुत अहम भूमिका निभायी हैं। साथ ही उनका यह भी मानना है कि हमारे देश की विलुप्त होती क्षेत्रीय कला को हमारे आज की युवा पीढ़ी तक पहुंचनी चाहिए ताकि हमारे देश की धरोहर को संरक्षित किया जा सके।

## उत्साह के साथ मनाई गई महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय की जयंती



महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय की 113वीं जयंती आज जयपुर में उत्साह के साथ मनाई गई। राम निवास बाग में सुबह जयपुर के पूर्व महाराजा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय की कार्यकारी ट्रस्टी, श्रीमती रमा दत्त और संग्रहालय के निदेशक, श्री वैभव चौहान उपस्थित थे। सिटी पैलेस और एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय के अधिकारियों और स्टाफ ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्रीमती रमा दत्त ने कहा कि स्वर्गीय महाराजा मान सिंह मॉर्डन जयपुर के निर्माता थे। जयपुर में बड़ी संख्या में कॉलेज, अस्पताल, स्कूल, चौड़ी सड़कें, सिटी स्टेडियम आदि सभी उनके समय में और उनकी पहल पर बनाए गए थे। वे राजस्थान के पहले राजप्रमुख भी थे। शाम को अशोक क्लब में बड़ी संख्या में क्लब के सदस्यों ने स्वर्गीय महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर महाराज नरेंद्र सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल के. के. सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान 10 जैक राइफल्स के आर्मी बैंड ने भी प्रस्तुति दी। बैंड का संचालन, नायब सूबेदार तलविंदर सिंह ने किया। वहीं इससे पहले दिन में, सिटी पैलेस और संग्रहालय में बड़ी संख्या में आगंतुकों ने भी सर्वतोभद्र चौक पर महाराजा की तस्वीर के सामने पुष्पांजलि अर्पित की।

# सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री ने किया साइबर सुरक्षा सिमुलेशन लैब का उद्घाटन



सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न नवाचारों के माध्यम से युवाओं के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी में विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। ब्लॉकचेन, बिहेवियरल साइंस, साइबर सिक्योरिटी जैसी आधुनिकतम प्रौद्योगिकी को अपनाने में राजस्थान अग्रणी है और इन तकनीकों के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन के अनेक अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ मंगलवार को राजस्थान सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आर-कैट) परिसर में बिहेवियरल लैब, साइबर सुरक्षा सिमुलेशन लैब और ब्लॉकचेन एक्सपीरियंस सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में शासन का पारदर्शी और समावेशी होना जरूरी है और तकनीक के माध्यम से यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने बिहेवियरल लैब, साइबर सुरक्षा सिमुलेशन लैब और ब्लॉकचेन एक्सपीरियंस सेंटर जैसे नवाचारों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग को बधाई दी।

# Alliance Hackathon 24: Innovative Ideas for AI Innovation



ALEAns Hackathon24 is an amazing 24-hour coding marathon dedicated to artificial intelligence & machine learning innovations of problem statements by international mentors. The event was organized by Alea IT Solutions today (July 26, 2024) from 11 am to 11 am 27 July at AleaIT Solutions Development Center, Rajapark, Jaipur. This was informed by Megha Bhatia, CEO, Alea IT Solutions. He further elaborated that tech innovators from all over the world participated enthusiastically in this program, which concluded with a series of impressive presentations by the 4 finalist teams. The program highlighted the power of collaboration, learning and technology innovation in solving real-world challenges. We look forward to seeing these solutions grow further and witness their positive impact on society.

## वंडर होम फाइनेंस का अपनी छठी वर्षगांठ पर वृक्षारोपण अभियान




वंडर होम फाइनेंस ने अपनी छठी वर्षगांठ पर वृक्षारोपण अभियान और देशव्यापी विस्तार के साथ एक नया अध्याय जोड़ा। जयपुर स्थित हेड ऑफिस में आयोजित वृक्षारोपण कार्य' म के माध्यम से कंपनी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। साथ ही, कंपनी ने अपनी पहुंच बढ़ाते हुए मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश और गुजरात में 5 नई शाखाओं का उद्घाटन किया। इस प्रकार, कंपनी ने अपनी 107 शाखाओं पर कुल 1000 वृक्ष लगाकर एक हरा-भरा भविष्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 2018 से, वंडर होम फाइनेंस ने हर भारतीय के घर का सपना साकार करने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। कंपनी ने 20,000 से अधिक लोगों को होम लोन प्रदान करके इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 10 राज्यों में फैले अपने व्यापक नेटवर्क के माध्यम से, वंडर होम फाइनेंस ने देशवासियों को आसानी से घर खरीदने में मदद की है। इसी निष्ठां के साथ कम्पनी का एसेट अंडर मैनेजमेंट (८ रू) इन 6 सालो में 1700 करोड़ रुपये है। कंपनी के सीईओ, श्री संजय सिंह राजावत ने कंपनी की इस सफलता पर गर्व जताया और हर भारतीय को घर का मालिक बनाने के अपने सपने को साकार करने की दृ ता व्यक्त की।

## MUJ Leadership Changed, the Batton passed on to Prof. N N Sharma



Manipal University Jaipur witnessed a significant transition in its leadership as it bid farewell to the outgoing president Prof. G K Prabhu and welcomed the new President Prof. Niti Nipun Sharma. The felicitation ceremony held on 1st August 2024 at Smt. Vasanti R Pai auditorium in the MUJ campus. The event began with the welcome address by the Pro-President Cmde. (Dr.) Jawahar Mal Jangir, who greeted all dignitaries along with the academic and administrative staff. In his address Dr. Jangir highlighted the remarkable growth and success achieved by Manipal University Jaipur under the able leadership of outgoing president Dr. G K Prabhu. Dr. Jangir also extended a warm welcome to the new President Prof. N N Sharma, expressing hope that the university will reach new heights in academic excellence under his guidance. On this occasion an audio-visual film was screened highlighting the journey of Prof. G K Prabhu in Manipal group in general and MUJ in particular. The ceremony was graced by the Chairman of MUJ Mr. S. Vaitheeswaran.

## जयपुर में नई लैब के शुभारंभ के साथ टाटा 1एमजी (Tata 1mg) लैब्स का विस्तार




जयपुर देश के प्रमुख डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफ़ॉर्म, टाटा 1एमजी (tatavmg) ने आज बड़े उत्साह के साथ जयपुर में अत्याधुनिक सुविधाओं वाली अपनी नई डायग्नोस्टिक्स लैब के उद्घाटन की घोषणा की। टाटा 1एमजी (tatavmg) ने जयपुर में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने और मरीजों को जल्द-से-जल्द जाँच रिपोर्ट प्रदान करने के अपने मिशन की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इसका शुभारंभ किया है, जो जे.आर. प्लाजा, लालकोठी में स्थित है। इस नई लैब से जयपुर में लोगों को डायग्नोस्टिक्स से जुड़ी बेहतरीन सेवाएं मिलेंगी, साथ ही मरीजों को कई तरह के टेस्ट के परिणाम उसी दिन मिल जाएंगेढ्ढ इस लैब में विभिन्न प्रकार के परीक्षणों के तुरंत और सटीक परिणाम सुनिश्चित करने के लिए नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जाता है, जिनमें सामान्य श्रेणी के सभी पैथोलॉजी टेस्ट तथा प्रिवेन्टिव हेल्थ चेकअप से लेकर हर तरह के बुखार के लिए पैकेज शामिल हैं। इस लैब को जयपुर के निवासियों के लिए सेवा की गुणवत्ता और सुविधा को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जहाँ अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी की मदद से लैब रिपोर्ट जल्द-से-जल्द उपलब्ध कराई जाती है। इस मौके पर टाटा 1एमजी (tatavmg) लैब्स के वाइस-प्रेसिडेंट, डॉ. प्रशांत नाग ने कहा, 'जयपुर में अपनी नई डायग्नोस्टिक्स लैब का शुभारंभ करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है।

## Shoppers Stop partners with Single.id




Shoppers Stop, India's premium fashion, beauty and gifting omnichannel destination, always aims to bring refreshed, enriching & an unparalleled shopping experience to its customers. With 114 department stores across India, and a robust online presence, Shoppers Stop continues to redefine retail excellence by offering 500+ brands 120k+ styles, and plethora of services such as Personal Shopper, beauty makeovers and many more. Whether one is looking for the latest trends in fashion, accessories, beauty products, or home essentials, Shoppers Stop promises a curated trendy selection that caters to every style and occasion. Single.id, the world's first cross-reward-programme-identifier, has further cemented its position as India's most critical rewards infrastructure provider by consolidating its relationship with Shoppers Stop. As part of this new collaboration, Shoppers Stop launches a brand-new app powered by Single.id, aimed at significantly enhancing the consumer reward experience for millions of its customers.

## मैत्री ट्रेड फेयर का हुआ भव्य शुभारंभ



जैन भवन प्रांगण, श्री चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर परिसर, दुर्गापुरा, टोंक रोड जयपुर में हुआ जैन मैत्री ट्रेडफेयर का शुभारंभ! मैत्री ग्रुप अध्यक्ष श्री सुनील बड़जात्या, एवं सचिव अजय जैन ने बताया यह 3 दिवसीय ट्रेड फेयर 2 से 4 अगस्त के बीच प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक राखी एवं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में, विशेषकर समाज की महिला उधमियों को प्रोत्साहन करने हेतु दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप मैत्री जयपुर के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जहाँ सा ी, सलवार सूट, ज्वेलरी, राखियां, बेडशीट, जीवन बीमा, बैग, स्टेशनरी, सभी प्रकार के परिधान, खिलौने, घर के उपकरण, सजावट की वस्तुएं, किचन प्रोडक्ट, गिफ्ट आइटम,खाद्य सामग्री, 'O Water, मसाले, डिजिटल मार्केटिंग व अन्य सामान उचित दरों में मिलेंगे साथ ही खरीदारी के साथ-साथ चटपटे व्यंजन का भी आनंद लिया जा सकेगा। कार्यं म का डिजिटल प्रचार प्रसार राजस्थान की अग्रणी डिजिटल मार्केटिंग एजेंसी अरिहंत ग्लोबल सर्विसेज और मानव इनवाइट्स ने डिजिटल इन्विटेशन के द्वारा किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने किया नजर फोटो एग्जिबिशन के पोस्टर का विमोचन



राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर होने वाली 'नजर फोटो एग्जिबिशन' के पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर विधायक शत्रुघ्न गोतम भी मौजूद रहे। पोस्टर का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री ने आयोजकों को शुभकामनाएं दी। एग्जिबिशन के आयोजक फोटो जर्नलिस्ट संजय कुमावत ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह एक अनोखी प्रदर्शनी है, और राजस्थान सबसे बड़ी एग्जिबिशन हे ।जिसमें 12 वर्ष के किशोर से लेकर 85 वर्ष के व्यक्ति भी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि 23 से 25 अगस्त तक यह प्रदर्शनी जवाहर कला केंद्र की अलंकार गैलरी में आयोजित होगी। इसमें 250 से अधिक फोटोग्राफर की 350 से अधिक तस्वीरों का प्रदर्शन किया जाएगा। पोस्टर विमोचन कार्यं म के दौरान राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी विधायक शत्रुघ्न गोतम जी,मीडिया समन्वयक आनंद शर्मा,फोटो जर्नलिस्ट संजय कुमावत दिनेश भारद्वाज,राघव गोयल, सत्येन्द्र सिंह, डॉ कार्तिक सामरियाआदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री को एग्जिबिशन में उद्घाटन के लिए भी आमंत्रित किया।

## The 6th season of the ScooNews Global Educators Fest (SGEF)



Our country is rich in untapped potential and resources, especially in education. To truly elevate the quality of education, we must focus on transforming not just the larger institutions but also the smaller schools. Investing in capacity building for teachers is crucial, enabling them to shift from traditional, theory-based teaching to more practical, hands-on approaches. With the rise of Artificial Intelligence, an invention of human ingenuity, there is a growing uncertainty about the future. It is essential that we prepare our children to navigate and thrive in the challenges of the 21st century. This was stated by CEO and Secretary of Council for the Indian School Certificate Examinations (CISCE), Dr Joseph Emmanuel today. He was delivering the Keynote Address at the inaugural session of the 6th edition of the ScooNews Global Educators Fest (SGEF) taking place from 9 to 10 August at Rajasthan International Centre. The fest is being organized on the theme, "Competencies Beyond Content: Aligning Today's Curriculum with Tomorrow's Unknown".

## TiE unveils its 9th TiE Global Summit (TGS) with the theme of "Putting Entrepreneurship First"



TiE Bangalore, the pioneering chapter of The Indus Entrepreneurs (TiE) in India, today announced the 9th Edition of TiE Global Summit (TGS) 2024, scheduled for December 9th to 11th at the Bangalore International Exhibition Center (BIEC), and December 12th in Mysore. This edition coincides with TiE Bangalore's 25th anniversary, symbolizing a collaborative effort with other TiE chapters in Karnataka, and supported by the Digital Economy Mission (KDEM) and the Government of Karnataka as the Host State Partner. Under the theme "Putting Entrepreneurship First," the summit aims to create an inclusive entrepreneurial ecosystem, democratizing opportunities and uniting the global entrepreneurial community. The summit offers a significant opportunity, akin to the Olympics of Entrepreneurship, to experience the vibrant energy of innovation and entrepreneurship in Bangalore. TGS24 is expected to host over 25,000 delegates including 5000+ startups, 750+ investors, 300+ corporates, 150+ speakers, 10,000+ Futurepreneurs, from across India and more than 50 countries.

## ज्वैलर की दुनिया में लैब ग्रोन हीरों की बढ़ी माँग
## -राजू मंगोड़ीवाला



